हिन्दी दिवस पर कई आयोजन, संगोष्ठियों के साथ हुआ सम्मान भी

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

उदयपुर • हिन्दी दिवस पर शनिवार को स्कूल, कॉलेजों व संस्थाओं में सेमिनार, विचार गोष्ठी, सम्मान समारोह सहित विविध आयोजन हुए।

ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एज्युकेशन संस्थान की ओर से ऐश्वर्या प्रोत्साहन पुरस्कार समारोह-2019 का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. रीना शर्मा ने बताया कि मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक (जेल) प्रीता भार्गव एवं विशिष्ट अतिथि वर्द्धमान खुला विवि की क्षेत्रीय निदेशक डॉ.रश्मि बोहरा थी। संस्थान की निदेशक डॉ. सीमा सिंह, छात्रसंघ अध्यक्ष शिवदत्त सिंह राव तथा छात्रसंघ सचिव प्रीति सोमिया ने स्मृति चिह्न भेंट किए।

बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से गुरुनानक पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में तकनीकी के उपयोग से बढ़ती बेरोजगारी विषय पर छात्र-छात्राओं के चार समूहों के मध्य वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। विजेताओं को सम्मानित किया गया। गुरुनानक महिला पीजी महाविद्यालय एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के तत्वावधान में छात्राओं के मध्य आशुभाषण एवं काव्यपाठ प्रतियोगिता हुई।

रोटरी क्लब वसुधा एवं हैप्पी होम विद्यालय की ओर से निबंध प्रतियोगिता हमारी राष्ट्रभाषा हिंदी की उपयोगिता विषय पर निंबध प्रतियोगिता हुइ।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सविना खेड़ा व उच्च माध्यमिक विद्यालय झामर कोटडा में 300 विद्यार्थियों के लिए कॅरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया तथा विभिन्न प्रकार के केरियर की जानकारी प्रदान की गई।

हिन्दी दिवस पर पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान के वरिष्ठ प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने कहा कि पशुपालन तकनीक संबंधी साहित्य जितना अधिक हिन्दी एवं सरल भाषा में होगा उतना ही अधिक पशुपालक लाभान्वित होंगे।

संत ग्रिगोरियस स्कूल में शिक्षक सत्य भूषण शर्मा, साबू चैरियन एवं मंगेश वैष्णव का स्कूल की प्रार्थना सभा में सम्मान किया गया।

हिंदी को बढ़ावा देने पर जोर

सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विधि महाविद्यालय में हिंदी दिवस मनाया गया। महासचिव आयुष अरोड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में हिंदी के प्रयोग और उसके महत्व पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए और हिंदी को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

इस दौरान अधिष्ठाता आनंद पालीवाल ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि रामकृपा शर्मा थे। कार्यक्रम में सतेंद्र सांखला, अरुण व्यास, करु भट, राजश्री चौधरी, शिल्पा सेठ आदि उपस्थित थे।

वाद-विवाद प्रतियोगिता

सुविवि के शिक्षा विभाग की ओर से हिन्दी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अल्पना सिंह ने बताया कि छात्र समूहों की ओर से विभिन्न विषयों पर तैयार स्क्रेप पुस्तिका का अतिथियों ने अवलोकन किया जो बहुभाषिता को इंगित करती थी। इस दौरान स्वरचित काव्य पाठ किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. नीतू परिहार थी। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हिन्दी विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रथम दुर्गेश कुमार, द्वितीय हर्षित, तृतीय ओमाराम तथा विपक्ष में प्रथम अंश, द्वितीय गोपाल एवं तृतीय भावेश रहे।

इंटरनेट ने बनाया हिन्दी को और लोकप्रिय

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में हिन्दी दिवस मनाया गया। इसमें कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. शशि सांचीहर ने कहा कि हमें भाषा में सम्प्रेषणीयता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ. चन्द्रकान्ता बंसल ने कहा कि हिन्दी तकनीकी रूप से विकास की अनंत संभावनाएं रखती हैं। यही कारण है कि हिन्दी इन्टरनेट पर एक लोकप्रिय भाषा बनती जा रही है। मुख्य अतिथि आलोचक एवं साहित्यकार डॉ. मंजु चतुर्वेदी ने हिन्दी भाषा को रोजगार से जोड़ने एवं दैनिक जीवन में काम में लेने की आवश्यकता पर बल दिया। काव्य पाठ में सुंदर गायरी प्रथम, नाजनीन बानो द्वितीय, पूजा कलासुआ तृतीय रही।

नाट्य संध्या आज

नाट्यांश संस्थान के कलाकारों ने नाइयों की तलाई स्थित सादड़ी हवेली में रविवार शाम को नाट्य संध्या का आयोजन होगा। इस नाट्य संध्या में हिंदी भाषा पर आधारित विभिन्न कहानी, कविताओं व एकांकियों की प्रस्तुतियां होगी।

वशिष्ठ व कहानी को सम्मान

जयपुर के बिड़ला सभागार में हुए समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सुखाड़िया विश्वविद्यालय के सह आचार्य डॉ धर्मवीर वशिष्ठ एवं मीरा गर्ल्स कॉलेज की डॉ कहानी भानावत को उत्कृष्ट कला लेखन कार्य के लिए सम्मानित किया।